संशोधित

डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा
बिहार (समस्तीपुर) – 848 125

का0आ0सं0– 2स्था0/ 284 /रा.प्र.के.कृ.वि.वि., पूसा दिनांक 21.3.2020

कार्यालय आदेश

कोरोना वाईरस से पूर्ण रूप से सुरक्षित रखने के लिए विश्वविद्यालय कैम्पस को अलग–थलग रखना (आईसोलेट) सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए बहुत जरूरी है, जिसके लिए विश्वविद्यालय को लॉक डाउन करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैः–

1. विश्वविद्यालय मुख्यालय, ढोली परिसर, के0भी0के0 एवं सभी अनुसंधान केन्द्र/उपकेन्द्र के कार्यालय आज दिनांक 21.03.2020 को सायं 04:00 बजे से बंद घोषित किया जाता है तथा कल दिनांक 22.03.2020 से 25.03.2020 तक विश्वविद्यालय मुख्यालय, ढोली परिसर, के0भी0के0 एवं सभी अनुसंधान केन्द्र/उपकेन्द के सभी कार्यालयों में कार्य स्थगित रहेंगा।

2. आज सायं 04:00 बजे से रात के 11:00 बजे तक पूसा कैम्पस एवं ढोली परिसर के वासियों को यह सलाह दी जाती है कि वो घर की जरूरत की सभी चीजें इस अवधि के दौरान बाजार से खरीद लें।

3. सभी आपातकालीन सेवाएं जैसे मेडिकल, इंजिनिरिंग विंग, वाटर सप्लाई, सिक्यूरीटी, सम्पदा एवं डेयरी की सुवधिाएं यथावत रहेंगी। इनके नियंत्री पदाधिकारियों को आदेश दिया जाता है कि इस पर अमल करें।

4. डॉ0 एस0सी0 राय, अधिष्ठाता, मत्स्यकी महाविद्यालय ढोली परिसर को उपयुक्त अवकाश अवधि में ढोली परिसर का नियंत्री पदाधिकारी बनाया जाता है। परिसर में आईसोलेशन सुनिश्चित करने के लिए वे कोई भी कदम उठाने के लिए अधिकृत हैं।

5. सभी कैम्पस वासियों को आदेश दिया जाता है कि वो कैम्पस से बाहर न जाए। लौटने पर उनकी जाँच की जाएगी और ठीक पाए जाने पर ही उन्हें कैम्पस में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी।

6. अगर कैम्पस वासियों का कोई रिस्तेदार बाहर से आता तो उसकी सूचना सुरक्षा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को दें। उनके स्वास्थ्य जाँच के बाद ही उन्हें कैम्पस में प्रवेश करने दिया जाएगा तथा रहने दिया जाएगा। इस सूचना को छिपाने को अपराध माना जाएगा एवं अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

कुलपति के आदेश से,

अशोक 21.3.2020

उप कुलसचिव, स्थापना

प्रतिलिपिः–

1. नियंत्री पदाधिकारी, एरिस सेल, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं सूचनापट पर प्रदर्शित करने हेतु प्रेषित।
2. सभी अधिष्ठाता एवं निदेशक/कुलसचिव/नियंत्रक/सभी विभाग प्रधान/सभी नियंत्री पदाधिकारी/सभी वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केन्द्र/ सह निदेशक अनुसंधान केन्द्र/उपकेन्द्र/ नोडल पदाधिकारी, वेतन शाखा, रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सूचनार्थ प्रेषित।

अशोक 21.3.2020

उप कुलसचिव, स्थापना

कार्बन प्रति कुलपति के सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।